उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष - 1 ला | अंक - १५० वा | सोमवार ३० दिसंबर २०२४ | RNI TITLE CODE : MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत २ रुपये | पन्ने - ४

# क्या वाल्मिक कराड अगले 24 घंटे में सरेंडर करेंगे?



## संतोष देशमुख हत्या प्रकरण : बैंक खाते सील; जांच के लिए सीआईडी की 9 टीमें बनाई गई हैं

**बीड (तामीर न्यूज)**
सरपंच संतोष देशमुख मर्डर केस में CID ने कई लोगों से पूछताछ की, अधिकारियों को भी तलब किया गया अब सवाल यह उठता है कि संतोष देशमुख हत्या मामले के मुख्य आरोपी वाल्मिक कराड अगले 24 घंटे में सरेंडर करेंगे या नहीं। सूत्रों के मुताबिक, बीड जिले के केज तालुका के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले की जांच के लिए सीआईडी की 9 टीमें बनाई गई हैं। सीआईडी ने आरोपियों के मोबाइल डेटा की जांच की है। फरार आरोपियों की संपत्ति जब्त कर ली गई है, जिसमें वाल्मिक कराड भी शामिल हैं। साथ ही उनके और उनके रिश्तेदारों के बैंक खातों को भी सील कर दिया गया है। कुछ खबरें यह भी संकेत देती हैं कि वाल्मिक कराड जल्द ही आत्मसमर्पण कर सकते हैं।

संतोष देशमुख हत्या मामले की जांच के लिए सीआईडी ने 150 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों वाली 9 टीमें तैनात की हैं। एक स्कॉर्पियो गाड़ी से बरामद मोबाइल फोन लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं, लेकिन उनकी रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। इस बीच, सीआईडी ने सभी कॉल, खासकर व्हाट्सएप कॉल की गहराई से जांच शुरू कर दी है। इन घटनाक्रमों के बीच, कराड और अन्य आरोपियों के बैंक खातों के सील होने और उनके रिश्तेदारों के खातों पर कार्रवाई से यह सवाल खड़ा होता है: क्या वाल्मिक कराड अगले 24 घंटे में सरेंडर करेंगे?

**CID की कार्रवाई**
अब तक 100 से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। जो लोग फरार आरोपियों के संपर्क में थे, उनकी गहन जांच की गई है। बड़े पैमाने पर कार्रवाई हो रही है, जिससे कराड के सरेंडर की संभावना और प्रबल हो रही है। विशेष रूप से, सूत्रों के अनुसार, स्कॉर्पियो गाड़ी से बरामद दो मोबाइल में महत्वपूर्ण डेटा और वीडियो मिले हैं।

**एनसीपी नेताओं से CID की पूछताछ**
बीड के शहर पुलिस थाने में तैनात सीआईडी की टीम ने देशमुख हत्या मामले में कई लोगों से गहराई से पूछताछ की है। रविवार को 8–10 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया। इनमें अजित पवार गुट की एनसीपी की महिला प्रदेश अध्यक्ष संध्या सोनवणे भी शामिल थीं। सूत्रों के अनुसार, उनसे रविवार दोपहर से शाम तक पूछताछ की गई, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

# साउथ कोरिया में प्लेन क्रैश, 179 पैसेंजर्स की मौत

## लैंडिंग के दौरान पहिए नहीं खुले, एयरपोर्ट बाउंड्री से टकराकर ब्लास्ट; पक्षी टकराने का अलर्ट मिला था





**सियोल :** साउथ कोरिया में मुआन एयरपोर्ट पर जेजू एयर का विमान क्रैश हो गया। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक विमान में 175 पैसेंजर और 6 क्रू मेंबर समेत 181 लोग थे। इस हादसे में 179 लोगों की मौत हो गई है। रेस्क्यू टीम ने 2 लोगों को जिंदा बचा लिया।

प्लेन से सभी शव निकाले जा चुके हैं। मरने वालों में 84 पुरुष और 85 महिलाएं हैं। अब तक 10 शवों की पहचान नहीं हो पाई है।

यह हादसा भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 5:37 बजे (लोकल टाइम सुबह 9:07 बजे) हुआ। थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक से आ रहा यह प्लेन एयरपोर्ट पर लैंड करने वाला था, लेकिन लैंडिंग गियर में खराबी की वजह से विमान के पहिए नहीं खुले।

इमरजेंसी में विमान की बेली लैंडिंग कराई गई। इसमें प्लेन की बॉडी सीधे रनवे से टकराती है। इस दौरान विमान रनवे पर फिसलता हुआ एयरपोर्ट की बाउंड्रीवाल से जा टकराया। उसमें धमाके के साथ आग लग गई।

इधर रॉयटर्स ने खबर दी है कि हादसे के पहले मुआन एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (ATC) से प्लेन से पक्षी टकराने का अलर्ट भेजा गया था। प्लेन के लैंडिंग गियर में खराबी की एक वजह यह भी हो सकती है।

**दो बार लैंडिंग की कोशिश की, दूसरी बार में हादसा**
जेजू एयरलाइन का जो प्लेन क्रैश हुआ है, वह अमेरिकी कंपनी बोइंग का 737-800 प्लेन था। प्लेन ने एयरपोर्ट पर लैंडिंग के लिए दो बार कोशिश की। पहली बार में लैंडिग गियर नहीं खुलने की वजह से प्लेन लैंड नहीं हो पाया था। इसके बाद प्लेन ने एयरपोर्ट का एक चक्कर लगाया था। पायलट ने दूसरी बार प्लेन को बिना लैंडिग गियर के ही बैली लैंडिंग (बॉडी के बल) कराने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्ट्स में मुताबिक प्लेन के विंग से पक्षी के टकराने का दावा किया जा रहा है। इसकी वजह से लैंडिग गियर खराब हुआ और लैंड करते वक्त खुल नहीं पाया।

**आग बुझाने में 43 मिनट लगे, तब तक प्लेन पूरा जल गया**
मुआन एयरपोर्ट के दमकल अधिकारी ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स से बात करते हुए बताया कि प्लेन में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि आग को बुझाने में 43 मिनट का वक्त लगा। फिलहाल क्रैश साइट पर बचाव कार्य जारी है। ज्यादातर लोग प्लेन के पिछले हिस्से में थे, उन्हें वहां से बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है।

प्लेन में सवार यात्रियों में 173 साउथ कोरियाई और 2 थाईलैंड के नागरिक थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिंदा बचे दोनों लोग क्रू मेंबर्स हैं। अब तक मिले 179 शवों में से 88 की पहचान कर ली गई है।

**जेजू एयर के CEO ने हादसे पर माफी मांगी**
जेजू एयर के CEO किम ई-बे ने हादसे पर दुख जताते हुए लोगों से माफी मांगी है। किम ने कहा, “हादसे के पीछे का कारण जो भी है, मैं बतौर CEO पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। कंपनी ने बताया कि वह राहत और बचाव के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक विमान पिछले 15 साल से ऑपरेशनल था। ये विमान पहले कभी दुर्घटनाग्रस्त भी नहीं हुआ है। फिलहाल पक्षियों के टकराने के चलते लैंडिंग गियर के फेल होने की आशंका जताई जा रही है।

**कनाडा में प्लेन रनवे से फिसला, विंग में आग लगी**
कनाडा में शनिवार रात को (भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 8 बजे) एक पैसेंजर प्लेन हैलिफैक्स एयरपोर्ट पर उतरते समय फिसल गया। लैंड करते वक्त प्लेन का एक हिस्सा रनवे की तरफ झुक गया। इससे प्लेन के विंग में आग लग गई थी। हालांकि किसी तरह के जान-माल की हानि नहीं हुई।




# अरेबियन ज्वेलर्स के तीसरे ड्रा में चार भाग्यशाली विजेताओं को बुलेट बाइक

## जल्द ही 2BHK फ्लैट जीतने का मौका मिलेगा!

**बीड :** बीड शहर में अरेबियन ज्वेलर्स द्वारा 28 दिसंबर को आयोजित किए गए तीसरे ड्रा में चार भाग्यशाली विजेताओं को बुलेट बाइक दी गई। यह भव्य कार्यक्रम होटल गोल्डन चॉइस में शाम 8 बजे हजारों नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ड्रा के लिए मान्यवर खुर्शीद आलम, कामरान खान, और काज़ी मखदूम की प्रमुख उपस्थिति में विजेताओं के नामों की पर्ची निकाली गई।

इस कार्यक्रम में नागरिकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। ड्रा में भाग्यशाली विजेताओं के नाम सैयद मुन्ना सैयद इब्राहिम, रुशिकेश कचरू डोंगरे, खान असमा बेगम नईम खान, और शेख सादिक शेख बाबर घोषित किए गए। इन विजेताओं को तुरंत बुलेट बाइक दी गई, जिससे उपस्थित नागरिकों ने अरेबियन ज्वेलर्स पर गहरा विश्वास व्यक्त किया।

पहले ड्रा में दो क्रेटा कार, दूसरे ड्रा में चार बुलेट बाइक, और अब तीसरे ड्रा में फिर से चार बुलेट बाइक देकर अरेबियन ज्वेलर्स ने ग्राहकों का विश्वास और भी मजबूत किया है।

**2BHK फ्लैट जीतने का सपना जल्द होगा साकार!**
अरेबियन ज्वेलर्स के मालिक मेहबूब मलिक ने इस मौके पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अगली स्कीम के ड्रा में 2BHK फ्लैट दिया जाएगा। इस घोषणा से नागरिकों में भारी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने तुरंत ही ड्रा के लिए नामांकन करवाने की मांग की। लोगों की भारी प्रतिक्रिया को देखते हुए अरेबियन ज्वेलर्स ने भविष्य में और भी बड़ी योजनाएं लाने के संकेत दिए हैं।

# हिमाचल में बर्फीला तूफान

**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के डोडा में बर्फबारी का एरियल व्यू। यहां नलों में पानी जम गया। सड़कें भी बंद हो गईं। जम्मू-कश्मीर के डोडा में बर्फबारी का एरियल व्यू। यहां नलों में पानी जम गया। सड़कें भी बंद हो गईं। बर्फबारी, ओलावृष्टि और बारिश से पूरा देश ठिठुर गया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों पर साल का सबसे भारी हिमपात हुआ। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर रविवार को 24 घंटे बाद फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हुआ। कम विजिबिलिटी के बावजूद 23 फ्लाइट समय पर हैं। 4 फ्लाइट डायवर्ट की गईं। बाद में दो 2 कैंसिल की गईं। शुक्रवार और शनिवार का मिलाकर 44 फ्लाइट रद्द की गईं थीं। एयरफोर्स ने सुबह से शाम 7 बजे तक ही फ्लाइट ऑपरेशन जारी रखने की परमिशन दी है।

# भाषण खत्म होते ही व्हॉट्सऐप चैट का स्क्रीनशॉट कैसे आया? : जितेंद्र आव्हाड

**बीड :** कुछ दिन पहले बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या कर दी गई, जिसने पूरे राज्य में हड़कंप मचा दिया। इस घटना के बाद हर तरफ से गुस्से भरी प्रतिक्रियाएं सामने आईं। संतोष देशमुख हत्याकांड के कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन कुछ अब भी फरार हैं। इसके विरोध में और देशमुख के परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शनिवार को बीड में सर्वदलीय नेताओं ने मिलकर एक मोर्चा निकाला। इस मोर्चे के दौरान विपक्षी नेताओं ने वाल्मिक कराड को इस हत्या का मुख्य साजिशकर्ता बताया।

इसके अलावा, विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि मंत्री धनंजय मुंडे और उनकी पार्टी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी – अजित पवार गुट) वाल्मिक कराड का समर्थन कर रहे हैं। इस मोर्चे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड भी शामिल हुए। लेकिन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) की नेता रूपाली ठोंबरे ने इस मोर्चे पर सवाल उठाते हुए जितेंद्र आव्हाड पर गंभीर आरोप लगाए।



रूपाली ठोंबरे ने ट्विटर (एक्स) पर एक कथित व्हॉट्सऐप चैट का स्क्रीनशॉट साझा किया और सवाल किया कि जितेंद्र आव्हाड संतोष देशमुख के परिवार को न्याय दिलाने के लिए आए थे या और आग लगाने के लिए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जितेंद्र आव्हाड ने इस व्हॉट्सऐप चैट की प्रमाणिकता और इसके समय को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, "मोर्चे में मेरे भाषण के तुरंत बाद ही व्हॉट्सऐप चैट का स्क्रीनशॉट कैसे सामने आ गया? अगर ये चैट सही था, तो सुबह क्यों सामने नहीं आया?"

**जितेंद्र आव्हाड ने क्या कहा?**

मैंने शनिवार को खुद पुलिस थाने जाकर इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है। अब मैं बीड के पुलिस अधीक्षक से निवेदन करता हूं कि वे इस पर आगे की कार्रवाई करें। मेरा भाषण खत्म होते ही व्हॉट्सऐप चैट का स्क्रीनशॉट कैसे सामने आया? अगर व्हॉट्सऐप चैट सही था, तो इसे सुबह ही सामने आना चाहिए था। भाषण खत्म होने के बाद यह अचानक कैसे आया?" आव्हाड ने सवाल किया।

**आव्हाड ने धमकी भरे संदेश मिलने का आरोप लगाया**

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, जितेंद्र आव्हाड ने दावा किया कि उन्हें एक दिन पहले से धमकी भरे संदेश मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, "अभी-अभी मुझे एक संदेश मिला है, जिसमें अश्लील भाषा, हत्या की धमकी और गालियां लिखी गई हैं। इससे साफ पता चलता है कि अब प्रशासन का डर खत्म हो गया है। लोग बिना डर के धमकी देने की हिम्मत कर रहे हैं। लेकिन मैं ऐसा विधायक नहीं हूं जिसे धमकाया जा सके। मुझे गालियां दी जाएं या धमकी दी जाए, मैं अपने मुद्दों से पीछे नहीं हटने वाला। मेरी लड़ाई इंसानियत की लड़ाई है," उन्होंने कहा। आव्हाड ने यह भी बताया कि वे इन धमकी भरे संदेशों को पुलिस को सौंपेंगे।

## स्थानीय स्वराज्य चुनावों में शिवसेना का भगवा लहराने का संकल्प : जगताप, मुळूक, गलधर

## बीड जिला शिवसेना की बैठक संपन्न

**बीड :** बीड और राज्यभर में स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव कई सालों से टल रहे थे। विधानसभा चुनाव के बाद अब इन चुनावों की घोषणा जल्द होने की संभावना है।

राज्य में शिवसेना की सफलता के बाद, बीड जिले में भी स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में जीत हासिल करने के लिए शिवसेना ने तैयारी शुरू कर दी है। महाराष्ट्र के कर्मठ उपमुख्यमंत्री और शिवसेना के मुख्य नेता माननीय एकनाथ शिंदे और संसद रत्न सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के आदेश पर रविवार, 29 दिसंबर को बीड जिला शिवसेना की बैठक दोपहर 12 बजे होटल ग्रैंड यशोदा में आयोजित की गई। शिवसेना के मुख्य नेता और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने











अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में राज्य को प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ाया। माझी लाडकी बहिण योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया। उनके उल्लेखनीय कामों की वजह से विधानसभा चुनाव में शिवसेना को बड़ी सफलता मिली और राज्य में महायुती सरकार फिर से सत्ता में आई। अब शिवसेना स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में भी ऐसी ही सफलता पाने के लिए पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ रही है।

बीड जिले में होने वाले इन चुनावों के लिए शिवसेना जिला प्रमुख अनिल दादा जगताप, सचिन भैया मुळूक, और स्वप्नील भैया गलधर ने सभी कार्यकर्ताओं से पूरी मेहनत और तैयारी के साथ काम करने की अपील की। बैठक में प्रभाग-वार और गुट-वार योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर शिवसेना, महिला आघाड़ी, युवा सेना, किसान सेना और अन्य सभी संगठनों के पदाधिकारी, वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे

## मुंबई की काम्या ने अंटार्कटिका की माउंट विंसेंट फतह

**मुंबई :** मुंबई की काम्या कार्तिकेयन (17) सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों फतेह करने वालीं दुनिया की सबसे कम उम्र की माउंटेनियर (महिला केटेगरी) बन गई हैं।

उन्होंने 24 दिसंबर को अपने पिता सेना कमांडर एस कार्तिकेयन के साथ अंटार्कटिका महाद्वीप के चिली देश में मौजूद माउंट विंसेंट चोटी फतेह करने के साथ ये उपलब्धि हासिल की।

माउंट विंसेंट की ऊंचाई 4 हजार 892 मीटर यानी 16 हजार 50 फुट है। यह सेंटिनल रेंज के मुख्य रिज के दक्षिणी भाग में स्थित है।

काम्या मुंबई के नेवी चिल्ड्रन स्कूल में 12वीं की स्टूडेंट हैं। वे माउंट विंसेंट से पहले अन्य 6 महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियां फतेह कर चुकी हैं।

काम्या माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला पर्वतारोही भी हैं। 12 साल की उम्र में माउंट एकांकागुआ पर चढ़ाई की थी 12 साल की उम्र में काम्या ने माउंट एकांकागुआ पर चढ़ाई की थी।

## कांग्रेस बोली : मनमोहन को गन सैल्यूट के दौरान मोदी बैठे रहे

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के दौरान गन सैल्यूट का वीडियो शेयर किया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के दौरान गन सैल्यूट का वीडियो शेयर किया है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक विवाद के बाद कांग्रेस ने अब उनके उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था को लेकर निशाना साधा है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के राजकीय अंतिम संस्कार में सरकार की तरफ से अव्यवस्था और अनादर देखकर हैरानी हुई।

खेड़ा ने 9 पॉइंट में अंतिम संस्कार से जुड़ी आपत्तियां दर्ज कराईं। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह के परिवार के लिए 3 ही कुर्सियां रखी गईं। परिवार के बाकी लोगों को कुर्सियां मांगनी पड़ीं।

इसके अलावा उन्होंने पीएम मोदी पर ये आरोप भी लगाया कि जब डॉ. सिंह की पत्नी को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा गया और गन सैल्यूट दिया गया तो पीएम मोदी और मंत्री खड़े नहीं हुए।

खेड़ा ने कहा कि डॉ. सिंह सम्मान और गरिमा के हकदार थे। इस अव्यवस्था से ये साफ होता है कि एक महान नेता के प्रति केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों में कितनी कमी है।

इससे पहले राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर केंद्र सरकार ने उनका सरासर अपमान किया है।

भाजपा IT सेल प्रमुख अमित मालवीय ने रविवार को आरोप लगाया कि डॉ. मनमोहन सिंह के अस्थि विसर्जन में कांग्रेस का कोई भी नेता नहीं पहुंचा। उन्होंने पवन खेड़ा के सभी सवालों का जवाब दिया।

## पटना में BPSC कैंडिडेट्स को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**पटना :** बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को पूरी तरह से रद्द कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर रविवार देर शाम वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। इसके बाद भी अभ्यर्थी नहीं हटे तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस दौरान कई छात्र घायल हुए हैं। वहीं, आंदोलन को लीड कर रहे रहमांशु सर समेत एक दर्जन अभ्यर्थियों को पुलिस ने डिटेन किया है।

इसके साथ ही प्रशांत किशोर समेत 21 नामजद और 600 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें जनसुराज के अध्यक्ष मनोज भारती, कोचिंग संचालक रहमांशु मिश्रा, सुजीत कुमार, सुभाष कुमार ठाकुर, शुभम स्नेहिल, आरके मिश्रा, प्रशांत किशोर के दो बाउंसर आदि शामिल हैं।

अभ्यर्थी पटना के गांधी मैदान में सुबह से ही जुटे थे। छात्र शाम पांच बजे सीएम आवास तक पैदल मार्च के लिए निकले। हालांकि, पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उनको रोक दिया। प्रशांत किशोर को भी जेपी गोलंबर के पास ही रोक दिया गया। देर शाम मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बातचीत करने के लिए BPSC अभ्यर्थियों को ऑफर दिया। प्रशांत किशोर ने भी बताया कि छात्रों का डेलिगेशन मुख्य सचिव से बात करेगा। अगर छात्र संतुष्ट नहीं हुए तो कल फिर आंदोलन को लेकर रणनीति बनेगी। इसके बाद पीके वहां से निकल गए, लेकिन अभ्यर्थी जेपी गोलंबर के पास डटे थे। अभ्यर्थियों को पुलिस ने हटाने की कोशिश की। अंतिम वॉर्निंग देकर कुछ छात्रों को डिटेन भी किया गया। इसके बाद अंतिम प्रयास करते हुए पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया।

बीपीएससी कैंडिडेट्स पर 5वीं बार लाठीचार्ज किया गया है। इससे पहले 6 दिसंबर को गर्दनीबाग में तीन बार और 25 दिसंबर को बीपीएससी कार्यालय के पास अभ्यर्थियों पर लाठियां भांजी गई थी।

**परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर BPSC**

अभ्यर्थी कर रहे प्रदर्शन BPSC की प्रारंभिक परीक्षा 13 दिसंबर को बिहार के 912 सेंटरों पर हुई थी। पटना के बापू परीक्षा परिसर में अभ्यर्थियों ने धांधली का आरोप लगाया था। इसके बाद बापू परीक्षा सेंटर की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। आयोग ने 4 जनवरी को एक सेंटर पर फिर से एग्जाम लेने का नोटिफिकेशन निकाला। अभ्यर्थी लगातार मांग कर रहे हैं कि BPSC प्रारंभिक परीक्षा फिर से हो। इसको लेकर अभ्यर्थी गर्दनीबाग पर धरना दे रहे हैं।

## लेक्चरर जावेद पाशा को अशरफुद्दीन फ़ैज़ी राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया

**बीड (संवाददाता):**

उर्दू दैनिक अल-हिलाल टाइम्स और बज़्म-ए-शमा-ए-अदब बीड हर साल विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को उनके योगदान के सम्मान में पुरस्कार प्रदान करते हैं। इस वर्ष, लेक्चरर जावेद पाशा को शिक्षा, सामाजिक कार्य, पत्रकारिता और खेल के क्षेत्र में उनके 34 वर्षों के उल्लेखनीय योगदान के लिए अशरफुद्दीन फ़ैज़ी राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।

शहर के मिनी फंक्शन हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें यह पुरस्कार पूर्व विधायक सैयद सलीम ने प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मुईनुद्दीन मास्टर, नगर पालिका सदस्य जैतुल्लाह खान, खुदाई खिदमतगार के प्रांतीय अध्यक्ष पठान




अयूब खान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष सलीम जहानगीर, अल-हिलाल टाइम्स के संपादक और बज़्म-ए-शमा-ए-अदब के सचिव कमर-उल-ईमान खान यूसुफजई, वरिष्ठ हस्ती इब्राहिम अनवरी, डॉ. सिराज अर्ज़ू, और क़ाज़ी मुजीबुर्रहमान उपस्थित थे। इससे पहले, लेक्चरर जावेद पाशा को शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें शामिल हैं:

**डॉ. रफीक जकारिया पुरस्कार (दैनिक शमा रहबर द्वारा)**

**आफ़ताब-ए-सहाफ़त पुरस्कार (सीरत कमेटी, नांदेड़ द्वारा)**

**क्रांति ज्योतिबा फुले राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार (बीड जिला एमपीटीए संघ द्वारा)**

**उत्कृष्ट पत्रकार पुरस्कार (अखिल भारतीय शिक्षक संघ द्वारा)**

**डॉ. रफीक जकारिया उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार (दैनिक कशमकश दिव्य वार्ता द्वारा)।**

इस वर्ष अशरफुद्दीन फ़ैज़ी राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने पर, लेक्चरर जावेद पाशा को उनके दोस्तों, परिवारजनों और शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## इंडिगो की पहली व्यावसायिक लैंडिंग सफल

### मार्च से नवी मुंबई एयरपोर्ट से नियमित उड़ानें शुरू?

**जमीर काज़ी**

मुंबई: मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों और यात्रियों के भार को कम करने के लिए बनाए गए नवी मुंबई एयरपोर्ट पर जल्द ही संचालन शुरू होने जा रहा है। रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे इंडिगो के A-320 विमान की पहली व्यावसायिक लैंडिंग सफलतापूर्वक की गई। एक महीने पहले इस हवाई अड्डे पर परीक्षण लैंडिंग सफलतापूर्वक की गई थी, और यह पहली बार है जब व्यावसायिक उड़ान की लैंडिंग की गई। सूत्रों के अनुसार, नवी मुंबई एयरपोर्ट नए साल के मार्च महीने से परिचालन शुरू करेगा और हर साल 9 करोड़ से अधिक यात्रियों को संभालने की क्षमता रखेगा। आज की सफल लैंडिंग के बाद विमान को वाटर कैनन सैल्यूट देकर स्वागत किया गया। करीब 5,945 एकड़ जमीन पर फैला यह हवाई अड्डा हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा हवाई अड्डा है। इस हवाई अड्डे का रनवे 3.7 किलोमीटर लंबा है और यह एक समय में 350 विमानों को खड़ा करने की क्षमता रखता है। इसके अलावा, यहां देश की सबसे बड़ी कार्गो प्रणाली भी तैयार की गई है। सिडको और जीवीके ने मिलकर इस हवाई अड्डे का निर्माण किया है। यह एयरपोर्ट पनवेल के पास मुंबई से करीब 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

## मुंबई के समुद्र में एक और बड़ा हादसा: मालवाहक जहाज से टकराकर मछली पकड़ने वाली नाव डूबी

**मुंबई :** गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा की ओर जा रही एक यात्री नाव के पलटने की घटना के कुछ दिनों बाद ही, शनिवार देर रात मलाड-मढ़ समुद्री क्षेत्र में एक और हादसा हुआ। एक मालवाहक जहाज ने मछली पकड़ने वाली नाव को टक्कर मार दी, जिससे वह डूब गई। हालांकि, समय रहते सभी मछुआरों को सुरक्षित बचा लिया गया, लेकिन ऐसी घटनाओं के बार-बार होने से मछुआरों और जलयात्रियों में भय का माहौल बन गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मलाड के मढ़ कोलीवाड़ा के मछुआरे हेमदीप हरीशचंद्र टिपरी शनिवार को रोजाना की तरह अपनी तिसाई नाव लेकर मछली पकड़ने गए थे। रात करीब 12:30 बजे चीन से आए एक मालवाहक जहाज ने उनकी नाव को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नाव पलट गई और मछुआरे पानी में गिर गए। हालांकि, आसपास मौजूद अन्य नावों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मछुआरों को बचाकर अपनी नाव में ले लिया, जिससे किसी की जान नहीं गई।

सवटी ग्रुप की नावों ने सभी मछुआरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके अलावा, इसी ग्रुप की आठ नावों ने पलटी हुई नाव को रस्सी से बांधकर खींचना शुरू किया। उम्मीद है कि नाव आज मढ़ के तलपशा बंदरगाह तक पहुंच जाएगी। इससे पहले, 18 दिसंबर को गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा की ओर जा रही एक यात्री नाव का नौसेना की गश्ती स्पीड बोट से टकराने का हादसा हुआ था। इस दुखद घटना में नौसेना के तीन जवानों सहित कुल 15 लोगों की डूबने से मौत हो गई थी। ऐसी घटनाओं के बार-बार होने से मछुआरों, मछली पकड़ने वाले व्यवसायियों और जलयात्रियों में डर का माहौल बना हुआ है।

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com